आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 14.09.2024 समय : 18.30 पीएम

- देशभर में हिन्दी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम–केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने देश को एकजुट करने में हिन्दी की भूमिका को अभूतपूर्व बताया।
- प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में अब एमबीबीएस की पढ़ाई हिन्दी में भी हो सकेगी–जोधपुर और बाड़मेर मेडिकल कॉलेज में हिन्दी माध्यम शुरू।
- राईजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के लिए जापान और दक्षिण कोरिया की यात्रा पूरी करने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर लौटे–कहा दोनो देशों में अच्छा समर्थन मिला।

प्रदेश में बारिश का दौर धीमा पड़ने के बावजूद पूर्वी जिलों के कई निचले इलाकों में पानी भरा होने से लोगों को परेशानी।

000

आज हिन्दी दिवस है। 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपी में हिन्दी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इस सिलसिले में हिन्दी भाषा के प्रचार–प्रसार और दैनिक जीवन में इसके अधिक से अधिक प्रयोग के लिए हिन्दी दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर नई दिल्ली में राजभाषा हीरक जयंती समारोह और चौथा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया गया। **इसे** संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हिंदी भाषा ने देश को एकजुट करने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सभी भाषाओं को मजबूत करने से ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा मिले।

00000

हिन्दी दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज सभागार में आज राज्य स्तरीय हिंदी दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि हिन्दी सिर्फ एक भाषा या विषय नहीं बल्कि हमारी पहचान है, भावों की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि हिन्दी एक विस्तृत विचारधारा, सोच और संस्कृति है। दिया कुमारी ने युवाओं और छात्र–छात्राओं का आह्वान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में हिन्दी का उपयोग करें और खासकर सोशल मीडिया पर भी हिन्दी को बढ़ावा दें।

....................

विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि हिन्दी केवल एक भाषा नहीं अपितु हमारी संस्कृति की धरोहर है। हमें हिंदी को व्यापक बनाना होगा। समारोह में मुख्य वक्तव्य देते हुए कार्मिक विभाग के शासन सचिव डॉ. के. के. पाठक ने कहा कि भाषा एक प्रवाह है। भाषा संस्कृति से संस्कार लेकर आती है। इस मौके पर लेखन की दस विधाओं में हिन्दी सेवा पुरस्कार प्रदान किये गये। केन्द्र और राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालयों में आज से हिन्दी पखवाडा की शुरूआत हुई। हिन्दी दिवस के अवसर पर आज बाड़मेर ज़िले में कई विद्यालयों में निबंध लेखन, श्रुति लेखन और हस्त लेखन समेत कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। टोंक, सवाईमाधोपुर जिलें में विचार गोष्ठी आयोजित कर हिन्दी के संवर्धन और संरक्षण पर जोर दिया। कोटपूतली में लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय में हिंदी दिवस का कार्यक्रम हुआ। केकड़ी के सरकारी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना और हिंदी विभाग के की ओर से निबंध प्रतियोगिता रखी गयी। करौली में जिला पुस्तकालय में विश्व हिंदी दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांचौर और चूरू के सरकारी कॉलेजों में कई प्रतियोगिताएं हुई।

0000

प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षा का पाठ्यक्रम अब हिन्दी में भी उपलब्ध होगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी माध्यम में भी चिकित्सा शिक्षा शुरू किए जाने की सूचना जारी कर दी है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि पहले चरण में मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध डॉ. सम्पूर्णानंद मेडिकल कॉलेज, जोधपुर और बाड़मेर मेडिकल कॉलेज में इस सुविधा का शुभारम्भ कर दिया गया है। इन दोनों मेडिकल कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2024—25 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को विकल्प के आधार पर अंग्रेजी और हिंदी माध्यम में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सकेगा। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया कि ग्रामीण पृष्ठभूमि या हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम में संचालित आयुर्विज्ञान पाठ्यक्रमों में अध्ययन को लेकर कठिनाई होती थी। इसे ध्यान में रखते हुए हिंदी माध्यम में भी इन पाठ्यक्रमों के संचालन की घोषणा बजट में की गई थी। जल्द ही अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी यह सुविधा प्रारम्भ हो सकेगी।

000000

रामगढ़ से विधायक और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ज़ुबैर खान का आज निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। श्री खान पहली बार 1990 में रामगढ से विधायक चुने गए थे। वे कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव और युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भी रह चुके हैं। ज़ुबैर खान शाम को सुपुर्द ए खाक । राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी इनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने अपने संदेश में ईश्वर से परिजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार के साथ खडे रहने की प्रतिबद्धता जताई है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी ज़ुबैर खान के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि श्री खान अपने क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध थे और आखिरी समय तक जनसेवा में लगे रहे। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने उनके निधन पर शोक जताते हुए कहा कि आज कांग्रेस पार्टी ने अपना एक कर्मठ नेता खोया है। उन्होंने युवा कांग्रेस के महत्वपूर्ण पदों पर रहकर युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया।

0000

राईजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के लिए जापान और दक्षिण कोरिया की यात्रा पूरी करने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा आज वापस जयपुर लौट आए। जयपुर पहुंचने पर राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्यों, भाजपा पदाधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का एयरपोर्ट पर स्वागत किया। श्री शर्मा एयरपोर्ट से भारतीय जनता पार्टी कार्यालय तक खुली कार में पहुंचे, इस दौरान उनका विभिन्न स्थानों पर अभिनंदन किया गया। भाजपा मुख्यालय पर दोनों नेताओं के स्वागत में एक भव्य कार्यक्रम रखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता ही उनकी ताकत हैं। उनकी सरकार प्रदेश की विकास की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राज्य की जनता ने भरोसा कर अंतरात्मा से आशीर्वाद दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें जापान और दक्षिण कोरिया को अच्छा समर्थन और सहयोग मिला है। प्रदेश में निवेश के लिए हर तरफ उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य, आने वाले दिनों में विकास की नई उचाइयां छुएगा।

00000

प्रदेश में बारिश का दौर धीमा पड़ गया है। सबसे ज्यादा 32 मिलीमीटर बारिश सैपऊ में रिकॉर्ड की गई। जिले में आज हालांकि धूप खली लेकिन चंबल नदी अभी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। पार्वती नदी के कारण कई गांवों में अभी बाढ़ के से हालात हैं, जिसके मद्देनजर जिला मुख्यालय पर सेना की टुकडी तैनात

है। जिले के निचले इलाकों में पानी भरा है। बाड़ी कस्बा अभी धौलपुर और बसेड़ी से कटा हुआ है। इस बीच जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित गांवों में नुकसान का पता लगाने के लिये सर्वे शुरू कर दिया है। उधर सवाईमाधोपुर जिले में बीते दो दिनों से बरसात का दौर बंद रहने से शहरी क्षेत्र में जनजीवन सामान्य होने लगा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि अधिकांश बांधों के ओवरफ्लो होने के बाद उनसे छोडे जा रहे पानी और अनेक नदियों में चल रहे उफान से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

....................

इस बीच मौसम विभाग ने आज बीकानेर संभाग को छोडकर सभी संभागों में कहीं–कहीं बारिश की संभावना जताई है। इन संभागों में आमतौर पर 18 सितम्बर तक कहीं–कहीं बारिश होने के आसार है।

00000

जलझूलनी एकादशी पर आज प्रदेशभर में जल महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किये गये। सभी जिलों में जलाशयों के नजदीक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढाने के लिए गतिविधियां आयोजित की गई। इस क्रम में टोंक में जिला स्तरीय कार्यक्रम बीसलपुर बांध पर आयोजित हुआ। भीलवाडा में मांडल तालाब पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सांसद दामोदर अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। अजमेर के फायसागर झील की पाल पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया। सवाईमाधोपुर के मानसरोवर बांध पर हुए कार्यक्रम में जल संसाधन विभाग की ओर से गतिविधियां आयोजित की गईं। स्कूली **बच्चों** ने कविता भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के महत्व का संदेश दिया। झालावाड के गोमती सागर तालाब पर जिला प्रमुख प्रेमबाई और जिला कलेक्टर अजय सिंह की मौजूदगी में विभिन्न विभागों की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरहदी जिले जैसलमेर की मूलसागर पंचायत में बडे तालाब पर आयोजित जल महोत्सव में बड़ी संख्या में इलाके के लोग शामिल हुए। पाली के जवाई बांध को तिरंगा रोशनी से सजाया गया। कोटपूतली–बहरोड़ में भी जल संरक्षण को लेकर विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। जलझूलनी एकादशी पर आज राज्यभर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी हो रहे हैं। इस अवसर पर भगवान को जल विहार कराया जा रहा है। कई जगह मेले भी भर रहे हैं। राजसमंद के चारभुजा नाथ मंदिर में सुबह मंगला दर्शन के साथ एकादशी मेला शुरू हुआ। कस्बे में आज ठाकुरजी की सोने की पालकी में शोभायात्रा निकाली गई। चित्तौडगढ के सांवलिया जी में आज से तीन दिन का जलझूलनी एकादशी मेला शुरू हुआ। बारां का प्रसिद्ध डोल मेला भी आज से शुरू हुआ। तीस सितम्बर तक चलने वाले मेले में रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। शाहपुरा के कोटड़ी में पारम्परिक रूप से चारभुजा नाथ को नगर भ्रमण कराया जा रहा है। प्रदेश के **अन्य** अंचलों से भी जलझूलनी एकादशी के धार्मिक श्रद्धाभाव के साथ मनाए जाने के समाचार हैं।

कोटा में विभिन्न स्थानों से देव विमान निकाले गए। इस दौरान कई जगह अखाड़े के साथ जुलूस और शोभा यात्राएं भी निकाली गई। मथुराधीश मंदिर में एकादशी मनाई गई।

0000

जोधपुर के आफरी संस्थान में केन्द्र सरकार के "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत आज मातृ वन स्थापना के लिए सामूहिक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जिसमे आफरी के निदेशक डॉ. तरुण कान्त के मार्गदर्शन में पश्चिमी इलाके के लिए 30 महत्वपूर्ण प्रजातियों के 246 पौधे लगाये गये।

0000